हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

04 नवमी पर हुआ कन्या भोज व भंडारे का बड़ा ...

04 कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए ...


## खबर संक्षेप

### पं. युवराज की आंवरी में भागवत कथा 4 से

चारामा। तहसील मुख्यालय चारामा से चार किमी दूरी पर ग्राम आंवरी में 4 से 10 अक्टूबर तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं नवसृजन आयोजक समिति आंवरी के सौजन्य से होने जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक भगवताचार्य युवराज पांडेय के श्री मुख से सुनने का अवसर मिलेगा। भागवत कथा के तैयारी में नवसृजन आयोजक समिति के संरक्षक राजेश जैन, अध्यक्ष भूषण सिन्हा, उपाध्यक्ष भुवन सिन्हा, सचिव बोधन साहू, कोषाध्यक्ष रिलेश यादव, सहसचिव चुम्मन पाल, सलाहकार लक्ष्मण विश्वकर्मा, डोमार साहू, मुकुंद यादव, सदस्य बिहारी निषाद, घनश्याम साहू, लोकेश साहू ,कन्हैया साहू, तिलेश्वर साहू, योगेश साहू, पवन यादव और टकेश्वर कुलदीप लगे हुए है।



### नेवारी में कबड्डी और वॉलीबॉल स्पर्धा 6 से

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सुखई के आश्रित ग्राम नेवारी में प्रस्तावित कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जो पहले 27 सितम्बर को रखा गया था, बेमौसम बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था। अब यह प्रतियोगिता नवयुवक मंडल नेवारी के तत्वाधान में पुनः आयोजित ▶▶| शेष पेज 2 पर

कार्रवाई : बांसपत्तर, बासनवाही, तिरियारपानी, छिंदखड़क, रावस, ठेमा में घेरने की तैयारी

# सीतानदी एरिया कमेटी की बचीं 4 नक्सलियों की जान खतरे में, 3 जिलों के पुलिस का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के 03 सदस्यों के तिरियारपानी के जंगल में मार गिराए जाने के बाद इस कमेटी में केवल 04 नक्सली बचे हुए है और यह चारों महिलाएं है। इनके पास अभी भी समय है कि अपने जीवन को बचाने के लिए आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा कांकेर, धमतरी एवं गरियाबंद पुलिस जिस तरह की घेराबंदी कर रही है, उससे उनका जीवन खतरे में है। सीतानदी नगरी कमेटी आज की स्थिति में सबसे कमजोर कमेटी है।

- कांकेर, धमतरी व गरियाबंद पुलिस ने बढ़ाया दबाव

जानकारी के अनुसार सीतानदी एरिया कमेटी की मदद से ही बड़े नक्सली बस्तर से ओड़ीसा, बिहार और झारखंड कॉरीडोर में आना जाना करते थे। सीतानदी एरिया कमेटी का एक साल में जिस तरह से नुकसान होते आ रहा है, उससे अब लग रहा है कि इस कमेटी का नाम भी आने वाले समय में खत्म हो जाएगा। इस कमेटी में केवल 07 सदस्य थे और डीवीसी रामदास इनकी मानीटरिंग करता था। गरियाबंद डीवीसी रामदास को टारगेट किए हुए है, इसके अलावा सीतानदी एरिया कमेटी के बचे 04 महिला नक्सली को भी घेरने में जुट गई है। कांकेर पुलिस को भी सीतानदी एरिया कमेटी जिसका मूवमेंट कांकेर जिले के बांसपत्तर, बासनवाही, तिरियारपानी, छिंदखड़क, रावस, ठेमा में होता है, इस ईलाके में उनको घेरने की अब नई रणनीति तैयार कर रही है। सरोना थाना के बहुत जल्द प्रारंभ हो जाने के बाद पुलिस का दबाव इन ईलाको पर बढ़ेगा, जिससे आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम भी मिल सकते है।


ज्योति उर्फ जैनी


रोनी उर्फ उमा


गीता हेमला

तिरियारपानी मुठभेड़ के समय पुलिस को नक्सलियों की संख्या का आभास नहीं था, काश यह आभास होता तो सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के सभी के सभी सदस्य ढेर हो जाते। फोर्स को देखकर मृतक तीनों नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दिया, उससे बचे 04 महिला नक्सली को भागने का मौका मिल गया। गरियाबंद पुलिस अभी भी उनकी पतासाजी में लगी हुई है, वहीं कांकेर पुलिस भी उनके मूवमेंट की जानकारी अपने स्तर में जुटाने में लगी हुई है।

### बचे चार नक्सलियों की स्थिति

सूत्रों की माने तो सीतानदी एरिया कमेटी में बचे 04 महिला नक्सलियों में ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा पिता पाण्डु उम्र लगभग 30 वर्ष पति राजेश, डीव्हीसीएम एवं सीतानदी एरिया कमेटी प्रभारी है जो इंसास , मैनपेक सेट, रेडिया एवं टेबलेट रखती है। यह बीजापुर जिले के ग्राम पेद्दा कोरमा थाना कोतावली बीजापुर की निवासी है। यह जून 2023 में सीसी गणेश के साथ गरियाबंद जिले गई थी। इसका पति राजेश तिरियारपानी इनकाउंटर में मारा गया। रोनी उर्फ उमा उर्फ सिन्नी फूला माडवी पति रामदास उम्र लगभग 36 साल घर का नाम चिन्नी है, यह सीतानदी एरिया कमेटी की कमांडर के साथ एसीएम है और इसके पास स्टेनगर कबाईन एवं वाकी टाकी रखती है। यह जिला बीजापुर के ग्राम सावनार मुरंगा थाना गंगालुर जिला बीजापुर की निवासी है और 2008 से सक्रिय है। गीता हेमला उर्फ भूमिका पिता रघु उम्र लगभग 41 वर्ष नगरी एसी डिप्टी कमांडर है जो सिंगल शाट रखती है। यह बीजापुर जिले के धुरवापारा ग्राम पुसनार थाना गंगालूर की र हने वाली है। 2010 से सक्रिय है, यह पहले सीनापाली एसी में सक्रिय थी। रेशाम शोरी उर्फ मुके उम्र लगभग 25 वर्ष है। यह पार्टी सदस्य है और 12 बोर रखती है। यह बीजापुर जिले के ग्राम सिलगेर की निवासी है और 2021 से सक्रिय है। इसके कमर और घुटने में दर्द बना रहता है।

### हथियार छोड़कर शांति पथ आएं

गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभारी एएसपी धीरेंद्र पटेल ने कहा कि सीतानदी एरिया कमेटी के बचे चारों महिला नक्सलियों के पास अभी भी समय है कि समर्पण कर दें। फोर्स लगातार उनकी पतासाजी में जुटी हुई है। हिंसा के माध्यम से परिवर्तन लाने का विचारधारा पूरे विश्व में विफल हो चुकी है। हथियार छोड़ के शांति के मार्ग में आएं। समर्पण करने से उनको नए जीवन जीने का मौका भी मिलेगा और सरकार उनके लिए पुर्नवास नीति के तहत मदद भी करेगी।

### सर्मपण से मिलेगा नया जीवन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि सरोना तहसील के कई ग्राम में कभी-कभी लगभग एक दर्जन गांव में सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के नक्सलियों का आना जाना रहता है। कुछ दिन पहले उनके मूवमेंट की जानकारी मिली और हमारी टीम ने आपरेशन किया। हमारी टीम ने आत्मसमर्पण करने का आव्हान किया, परंतु उन्होने गोलीबारी किया और फोर्स ने बचाव में गोली चलाई, जिसमें 3 नक्सलियों की जान चली गई है। सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के पास अभी भी समर्पण करने का मौका है, समर्पण करके सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर नया जीवन शुरू कर सकते है।

## बोटेचांग के 3 परिवार ने छोड़ा ईसाई धर्म व पूजा-पाठ कर हुई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम बोटेचांग में रविवार को ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों ने धर्मांतरण के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया। इसी बीच गांव के तीन युवाओं ने सार्वजनिक रूप से ईसाई धर्म छोड़कर अपने मूल धर्म में लौटने का ऐलान किया।

- बोटेचांग की ग्रामसभा ने धर्मांतरण गतिविधियों पर लगाई रोक

बोटेचांग निवासी नरेश कुमार मंडावी, नरेंद्र कुमार मंडावी और मायाराम मंडावी ने अपने परिवार सहित घर वापसी किया, वहीं ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए पगड़ी पहनाई और जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने पैर धोकर सम्मान किया। इस अवसर पर युवाओं ने घोषणा की कि वे अब अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करेंगे और अपनी पारंपरिक आस्था से जुड़े रहेंगे। घर वापिस आने वाले नरेंद्र कुमार मंडावी ने कहा कि वर्ष 2020-21 में पिता की बीमारी के दौरान इलाज के नाम पर उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया था। उनसे कहा गया था कि वे कुल देवी-देवताओं की पूजा न करें और प्रसाद या पूजा करने वाले परिवार का भोजन न ग्रहण करें। लेकिन समय के साथ उन्हें एहसास हुआ कि अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़कर ही वे सही मार्ग पर हैं। उन्होंने कहा कि अपने धर्म में वापसी कर हमें गर्व हो रहा है और हम चाहते हैं कि बाकी लोग भी अपने मूल धर्म में लौटें। गांववालों ने तीनों युवाओं की घर वापसी का स्वागत करते हुए इसे अपनी संस्कृति और आस्था की जीत बताया। उनका कहना है कि धर्मांतरण से आदिवासी समाज की परंपरा और देवी-देवताओं की पूजा पद्धति पर खतरा मंडरा रहा था, लेकिन अब गांव एकजुट होकर अपनी संस्कृति ▶▶| शेष पेज 2 पर



### ग्रामसभा ने लिया निर्णय

ग्रामसभा ने पेसा अधिनियम 1996 और संविधान की पाँचवीं अनुसूची का हवाला देते हुए धर्मांतरण गतिविधियों पर सख्त रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया। गांव में सूचना बोर्ड लगाया गया है, जिस पर साफ लिखा है कि पास्टर का धर्मांतरण क्रियाकलाप वर्जित है। ग्रामसभा ने स्पष्ट किया कि बाहरी पादरी या पास्टर द्वारा किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन अथवा धर्मांतरण की गतिविधि अब गांव में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

## मतदाता जागरूकता के लिए कालेज में 15 तक होंगी विविध गतिविधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत जिले में मतदाता जागरूकता लाने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से जिले के सभी उच्च शैक्षणिक सस्थानों में विविध अकादमिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उच्च शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों को पत्र लिखकर मतदाता जागरूकता के लिए अलग-अलग विषयों पर गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्वीप गतिविधियों के पहले भाग में परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ और अन्य




प्रतियोगिताएं कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तरह भाग दो नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता, विद्यार्थियों द्वारा मतदान एवं भयमुक्त वातावरण में लोकतंत्र के अधिकार पर आधारित मौलिक स्वलिखित नारे तैयार करने तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में उपर्युक्त गतिविधियों को अपलोड व पोस्ट कराने के निर्देश सभी संस्था प्रमुख को दिए गए हैं। उक्त प्रतियोगिता 01 से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को वीडियो को पोस्ट करते समय # गोरजिस्ट्रर ▶▶| शेष पेज 2 पर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विधायक ने बुजर्गों के पैर धोकर किया सम्मान

## वृद्धजनों की मौजूदगी से परिवार और समाज का बढ़ता है मनोबल : नेताम

0 हरिभूमि न्यूज. कांकेर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग परिवार की नींव होते हैं। उनकी मौजूदगी से परिवार और समाज का मनोबल बढ़ता है और यह बात आज की पीढ़ी को समझने की जरूरत है। उनके जीवन के दीर्घकालिक अनुभव और मार्गदर्शन समाज की दशा व दिशा में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

नरहरदेव पीएमश्री शाउमा विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वृद्धजनों के कल्याण के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं समुचित देखभाल की चिंता अब सरकार कर रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सतत शिविर आयोजित कर वृद्धजनों के जरूरतों के अनुरूप योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील उन्होंने इस दौरान की। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने भी वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुजुर्गों को सच्चे मार्गदर्शक और परिवार का सबसे महत्वपूर्ण सदस्य बताया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की बात कही, ▶▶| शेष पेज 2 पर



### विधायक वृद्धजनों के धोए पैर



कार्यक्रम में विधायक ने मौके पर मौजूद वृद्धजनों के पैर धोकर तथा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और साथ ही उनकी समस्याओं से वे रूबरू हुए। समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी उपस्थित बुजुर्गों को छड़ी और शॉल-श्रीफल वितरित की गई। इसके अलावा वृद्धजन कल्याण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर 35 वृद्धजनां का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार औषधि निःशुल्क वितरित किया।

## नकली नोट खपाने की फिराक में घूमते दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर में दो युवक पुराने सौ-सौ के नकली नोट लेकर बाजार में खपा रहे थे। खबर मिलते ही कांकेर पुलिस ने दोनो युवकों को दबोचा और उनकी जाँच करने पर दोनो नाबालिक निकले। दोनो युवकों ने पढ़ाई छोड़कर कबाड़ खरीदने का काम करते थे। तांबा चोरी करने के उद्देश्य से एक घर में भी घुसे थे। पुलिस मामले की जाँच करने में जुटी हुई है। दोनो नाबालिक युवकों से सौ-सौ के 53 नोट नकली मिले। कांकेर पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर को मुखबिर से जानकारी मिली कि काला नीला रंग का पुराना टी शर्ट पहने हुए दो व्यक्ति 100-100 रूपये के नकली नोट रखकर सामान खरीदने के लिए दुकान-दुकान घुम रहे है। जानकारी मिलने पर कांकेर थाना प्रभारी ने इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. ▶▶| शेष पेज 2 पर

- संजयनगर निवासी आरोपियों से 100-100 के 53 नोट बरामद



## गांधी जयंती पर 552 पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आज की जाएगी

**कांकेर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जिले की सभी चिन्हांकित 552 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मंगलवार 30 सितम्बर को समय-सीमा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को परस्पर समन्वय के साथ विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच पर आधारित है, जिसमें सक्रिय भागीदारी नेतृत्व एवं समन्वय से ही इस अभियान का ध्येय 'सेवा, समर्पण एवं संकल्प प्राप्त किया जा सकेगा। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त द्वारा बैठक में बताया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के सभी चिन्हांकित 552 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान आदि सेवा केन्द्रों में सभी विभागों की शासकीय योजनाओं को दर्शाया ▶▶| शेष पेज 2 पर




सार्वजनिक पंडालों पर बिराजीं प्रतिमाओं का दशहरा तक चलेगा विर्सजन

## जोत विर्सजन के बाद किया गया कन्या भोज दिनभर चला भंडारा, हजारों ने पाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्र की महानवमी पर बुधवार को देवी सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। घरों व मंदिरों में यज्ञ-हवन व अनुष्ठान हुए, जहां नवरात्र प्रतिपदा से यज्ञ, हवन जारी थे, वहां पूर्णाहुति दी गई। मंदिरों, घरों और पंडालो में कन्या पूजन की परंपरा निभाई गई। नवमी पूजन के साथ ही नवरात्र का समापन भी हो गया। साथ ही घरों व मंदिरों में घट स्थापना करने वालों ने ज्वारा विसर्जन के साथ ही मां को विदाई दी। कुछ लोग दशमी पर विसर्जन करेंगे। महानवमी के मौके पर जहां शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालु देवी दर्शन को पहुंचे।



शारदीय नवरात्र की नवमी पर बुधवार को घरों और मंदिरों में कन्या पूजन और भोज कराया गया। सुबह जल्दी उठकर श्रद्धालुओं ने स्नानादि के बाद हवन पूजन किया, इसके बाद कन्याओं का घरों में स्वागत किया गया। कन्याओं को घर में बैठाकर तिलक लगाकर पूजन किया गया, इसके बाद कन्या भोज कराया गया। शहर के मंदिरों शीतला मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कंकालिन मंदिर व अन्य सभी मंदिर आदि में श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन करने के बाद कन्या पूजन किया गया और मंदिर पर ही कन्या भोज भी कराया गया। कन्या भोज के बाद भंडारें का आयोजन किया गया। भंडारे में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओ ने प्रसाद का आनंद लिया। मंदिरों के अलावा जिन पंडालों में मंगलवार की शाम को हवन हो गया था, वहाँ पर भी कन्या भोज के बाद दिनभर भंडारा चलता रहा। दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का मंदिरों व पंडाल पर तांता ▶▶| शेष पेज 2 पर

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप

### ब्रेक फेल होने से कोरियर वाहन पलटा



**घाटलोहंगा।** नेशनल हाइवे 30 पर मगलवार शाम 7 बजे ग्राम पंचायत कुदालगांव के पास झूलना बोर्ड के समीप एक कोरियर से भरा मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 8818 अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन के चालक गुरमीत मरकंडे एवं हेल्पर कामेश्वर ने बताया कि उन्हें पहले से ही ब्रेक में खराबी की जानकारी थी, इसके बावजूद भीड़भाड़ के बीच कोरियर सामान लेकर वाहन को रवाना किया गया। केशकाल घाटी जैसे चुनौतीपूर्ण मार्ग को पार करने के बाद, झूलना क्षेत्र में अचानक सामने आए एक कार और सड़क पर लगे बैरिकेड को देखकर चालक ने ब्रेक मारा, जिससे ब्रेक चिपक गया और वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई।

### बारिश का पानी घरों में घुसा



**घाटलोहंगा।** भारी बारिश से ग्राम पंचायत कुड़कानार के टोटापाड़ा के घरों में पानी घुस गया है। जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कच्चे मकान की दीवारें गिरने की स्थिति पर है। ग्रामीण दूसरे की घरों का आसरा ले रहे है और रिश्तेदारों के घर शरण लेनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक तेज बारिश के कारण निकासी व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। पानी भर जाने से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीण प्रशासन से राहत और तत्काल मदद की मांग कर रहे है।

# राजभाषा पखवाड़े में हिंदी टंकण, क्विज, हिंदी निबंध, नारा स्लोगन लेखन समेत विविध स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल परियोजना में 14 से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस आलोक में संजय पाटील, सहा.महाप्रबंधक राजभाषा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परियोजना में भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं एनएमडीसी मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस वर्ष हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन गांधीनगर गुजरात में हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा में इन दिनों बहुत कार्य किया जा रहा है। मंत्रालय, स्वयंसेवी संगठनों और केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों में हिंदी का कार्य और बढ़ रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनएमडीसी लिमिटेड को ''ग'' क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार राजभाषा कीर्ति से सम्मानित किया। परियोजना में राजभाषा पखवाड़े के दौरान हिंदी कार्यों को और अधिक करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे हिंदी टंकण, क्विज, हिंदी निबंध, हिंदी नारा स्लोगन लेखन, सामान्य ज्ञान इत्यादि का आयोजन किया गया। 29 सितम्बर को राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने राजभाषा पत्रिका सर्जना का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने राजभाषा हिंदी पर अपने विचार व्यक्त किए और हिंदी के प्रसार-प्रसार पर बल देने की अपील की। स्वागत भाषण मो.तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने कहा कि परियोजना में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है और राज्य सरकार, जिला प्रशासन को पत्राचार हिंदी में ही किया जाता है। इसी प्रकार यूनियन पदाधिकारियों ने भी संक्षिप्त विचार रखे। कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक संयंत्र विद्युत, एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन, एमएमडबल्यू यूनियन अध्यक्ष विनोद कश्यप, एसकेएमएस प्रतिनिधि प्रदीप नामदेव, एस.गुहा, उप महाप्रबंधक वित्त, एस.चिकाटे, उप महाप्रबंधक सीएंडआईटी, एसके पाण्डे, उप महाप्रबंधक सिविल, शशिकुमार, उप महाप्रबंधक विद्युत, वरि.अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय पाटील, सहा.महाप्रबंधक राजभाषा ने किया। एपी पांडव, वरि.आशुलिपिक हिंदी एवं उमेश ठाकुर, अमित मरकाम व कु.दिनमनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# पवित्र हवन, विशाल भंडारा और विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों में भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार





शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम नकुलनार में इस वर्ष भी दुर्गा उत्सव की भव्यता और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बुधवार नवमी के दिन महाराणा प्रताप चौक स्थित सेवा पंडाल में आदिशक्ति मां दुर्गा की

■ भक्ति और सेवा का अनोखा संगम

आराधना पवित्र हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। पूरे क्षेत्र में गूँजते मंत्र, धूप-दीप और आहुतियों की सुगंध ने वातावरण को पवित्र और भक्तिमय बना दिया।

दुर्गा उत्सव समिति और ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयासों से पूरे नवरात्रि भर विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। ग्रामीणों ने न केवल आर्थिक सहयोग दिया, बल्कि सेवाभाव से भी इस आयोजन को सफल बनाया। सेवा पंडाल में प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्ज़ी और खीर का प्रसाद परोसा गया। साथ ही पदयात्रियों और दूरदराज से आने वाले भक्तों के लिए भोजन, पानी और रुकने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

नवदुर्गोउत्सव समिति नकुलनार के युवाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामाजिक एकता की नई बानगी पेश की।

### 100 किलो आटे से बनी पूड़ियां और खीर का प्रसाद

नवमी पर आयोजित पवित्र हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सबसे पहले कन्याभोज फिर 100 किलो आटे से पूड़ियाँ, विशेष सब्ज़ी और खीर बनवाकर प्रसाद रूप में वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्रभर से माता के भक्त उमड़े और आयोजन स्थल भक्तिमय ऊर्जा से भर गया।

### विसर्जन यात्रा की तैयारियों से गूंजा गांव

आज दशमी के अवसर पर माता दुर्गा की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और रंग-गुलाल के साथ यह शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक नकुलनार से प्रारंभ होगी। इस दौरान बंगीय समाज द्वारा सिंदूर सिंगार विशेष धार्मिक उत्सव होगा। जिसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नकुलनार, कुआकोंडा और हितावर होते हुए आगे बढ़ेगी। बंगीय समाज के वाद्य यंत्र (डंका बाजा) इस बार शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहेंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से मां दुर्गा के दर्शन कर सकें। ग्रामीणों के उत्साह और भक्ति से पूरा क्षेत्र उत्सवमय है और नकुलनार दुर्गा उत्सव इस बार भी पूरे इलाके में चर्चा और आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### महिलाओं की भक्ति और महंत कृष्णदास की उपस्थिति

ग्राम की महिलाएँ प्रतिदिन सांध्य आरती में शामिल होकर माँ दुर्गा के भजन-कीर्तन करती रहीं। इसी बीच भारत भ्रमण पर निकले महंत कृष्णदास भी नकुलनार पहुँचे और यहाँ की भक्तिमय छटा को देखकर यहीं रुक गए। उन्होंने दिन-रात देवी उपासना और भजनों के माध्यम से पूरे वातावरण को और भी दिव्य बना दिया।

ग्राम के पुजारी सुनील मिश्रा ने पूरे नवरात्रि काल में चंडीपाठ और विशेष पूजा-अर्चना का संचालन किया।

### हिंगलाजिन माता मंदिर पहुंचे विधायक



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में नवरात्र पर्व की अष्टमी तिथि पर करलाकोंटा स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। इस अवसर पर मंदिर में उपस्थित भक्तगणों ने विधायक बघेल से कलश ज्योति भवन निर्माण की मांग रखी। मांग पर सहमति जताते हुए विधायक ने भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में पार्षद नरसिंह नागेश, पुजारी, सीरहा एवं बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। नवरात्र के पावन अवसर पर हुई इस घोषणा से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

### कन्या भोज व भंडारा



बस्तर। शारदीय नवरात्रि के नवमी में बस्तर स्थित बाजार पारा दुर्गा पंडाल में हवन पूजन के साथ नव कन्या भोज व भंडारे आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन अर्चना के पश्चात पूर्ण आहुति में शामिल हुए।

# कलेक्टर ने सुरक्षा कैम्प चिल्लामरका का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने भोपालपटनम ब्लॉक के सुदूर गांव चिल्लामरका में हाल ही में स्थापित सुरक्षा कैम्प का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने

■ सुरक्षा कैम्प की स्थापना से गांवों में विकास कार्यों में आएगी तेजी

सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे मे आवश्यक चर्चा की। चिल्लामरका में सुरक्षा कैम्प की स्थापना से नियद नेल्लानार योजना के तहत शामिल गांवों में विकास की रफ्तार तेज होगी और शासन की योजनाएं अब इन क्षेत्रों तक आसानी से पहुँच सकेंगी। इससे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक शाला चिल्लामरका का औचक निरीक्षण किया और शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को उल्लूर से चिल्लामरका तक सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना, काण्डलारपरती में विद्युतीकरण, मोबाइल टावर के लिए सर्वे और ट्रैक्टर के माध्यम से खाद्यान्न आपूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चिल्लामरका में नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति भी प्रदान की, जिससे स्थानीय बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

इस अवसर पर एसडीएम वायके नाग, एसडीओपी घनश्याम कामड़े, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, सीईओ संतोष देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सीई रावटे का स्थानांतरण उरांव ने लिया प्रभार...



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे का स्थानांतरण रायपुर हो गया, इसके एमएल उरांव ने बुधवार को मुख्य अभियंता प्रभार लिया। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारी शामिल रहे।

### सुपरवाईजर संविदा पद की नियुक्ति निरस्त

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट के संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। विभाग ने सुपरवाईजर (संविदा) के अनारक्षित पद पर की गई पिछली नियुक्ति को निरस्त कर दिया है, तथा अब इस पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए टॉप 10 पात्र अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि घोषित की है। यह कदम भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन क्षति की 4 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर द्वारा आवेदक को वाहन क्षति की बीमा 4 लाख रुपए, पार्किंग चार्जेस 15 हजार रूपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए प्रदान करेंगा। उक्त आदेश

■ जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चिपावंड निवासी दीपक मंडल द्वारा अपनी क्वीड कार का बीमा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन आगजनी की दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा इसकी पुलिस को सूचना देकर बीमा कंपनी को भी सूचना प्रदान की गई थी, जिस पर बीमा कंपनी द्वारा वाहन का सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी द्वारा असत्य आधारों पर क्षति दावा पेश करने एवं वाहन के ठोकर से क्षतिग्रस्त होने तथा वाहन की पर्याप्त सुरक्षा न करने का अवलंबन लेते हुए आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक द्वारा बीमा की शर्तों का उल्लंघन किया गया है और उक्त वाहन आगजनी की घटना में क्षतिग्रस्त नहीं हुई थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने कहा कि बीमा कंपनियां अत्यंत अल्प एवं तकनीकी आधारों पर क्षतिपूर्ति दावा निरस्त करती हैं, जबकि बीमा दावे के निपटारे के समय बीमा कंपनियों को बहुत ज्यादा तकनीकी नहीं होना चाहिए। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

## राज्य विधिक परिषद का चुनाव में 296 मतदाताओं ने किया मताधिकार

**जगदलपुर।** राज्य विधिक परिषद का चुनाव के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारी तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री पठार एवं न्यायाधीश सराफ की उपस्थिति में 30 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय के कक्ष में मतदान हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निरीक्षण में सुबह से ही अधिवक्ताओं की कतार मतदान के लिए देखी गई। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के 472 मतदाताओं में से 296 मतदातान ने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य विधिज्ञ परिषद का चुनाव में बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के दो सदस्य भी प्रत्याशी है, इन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वरीयता के वोट उन्हें प्राप्त होने की पूरी आशा व्यक्त की है। विदित हो कि पूरे प्रदेश भर में 23058 मतदाताओं द्वारा 25 राज्य विधिज्ञ परिषद सदस्यों का चुनाव किया जाना है इसके लिए 105 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। प्रत्येक मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार के हिसाब से 25 सदस्यों को वरीयता क्रम में मतदान करना है। इसके लिए सबसे बड़ी बात मतों की वैधता को लेकर है कम से कम पांच प्रत्याशियों को मतदान करना अति आवश्यक है, अधिकतम 25 प्रत्याशियों को अपने पसंद के वरीयता क्रम में मतदान कर सकते हैं।

## पेज 03 के शेष ...

### नेवारी में कबड्डी...

की जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर 2025 को होगा। इसमें क्षेत्र की सभी इच्छुक टीमें और खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस दो दिवसीय आयोजन को लेकर युवाओं और ग्रामीणों में उत्साह है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 8 अक्टूबर को रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रेम पूजा नाचा पार्टी, मोहला-मानपुर की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति रखी गई है, जो आकर्षण का केंद्र होगी।

### बोटेचांग के 3...

की रक्षा करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, सर्व आदिवासी समाज जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गौर, सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के राजेश गोटा, ग्राम गायता अशोक उसेंडी के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के...

गोवेरीफाय का उपयोग करना होगा तथा वीडियो को अपलोड करते हुए @सीईओछत्तीसगढ़ को टैग करना होगा। श्रेष्ठ प्रविष्टियों को सम्मानित किया जाएगा एवं मतदाता जागरूकता अभियानों में प्रदर्शित किया जाएगा। राज्यभर से सर्वश्रेष्ठ वीडियो अपलोड करने वाले प्रतिभागी को डिजिटल सर्टिफिकेट भी प्रदाय किया जाएगा। इसके तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में नियुक्त कैम्पस एम्बेसेडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी स्वीप की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### वृद्धजनों की मौजूदगी...

जिससे उन्हें वृद्धावस्था में विभिन्न बीमारियों का उपचार कराने की सुविधा मिल सके। उन्होंने वृद्धजनों को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद देने की बात भी कही। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पद्मश्री से सम्मानित अजय मंडावी, महेश जैन सहित एसडीएम अरूण वर्मा, उप संचालक समाज कल्याण क्षमा शर्मा के अलावा बुजुर्गजन मौजूद रहे।

### नकली नोट खपाने...

कल्याण एलीसेला, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा और एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान के संज्ञान में लाया। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में मौके पहुंचकर कांकेर थाना की टीम ने रेड कार्यवाही कर विधि से संघर्षरत बालकों का तलासी के नियमो का पालन करते हुए विधिवत तलासी लिया गया। तलासी के दौरान एक विधि से संघर्षरत बालक के पहने हुए काला रंग के लोवर के दाहिने जेब में रखे 100-100 रूपए कुल 18 जाली नोट एवं दूसरे विधि से संघर्षरत बालक के पहने नीला रंग के जींस के बायें जेब में रखे 100-100 के 28 जाली नोट कुल जुमला 4600 रूपए का जाली नोट एवं मेमोरण्डम लेने पर मौके से 07 जाली नोट और इस तरह कुल 53 जाली नोट संदेही विधि से संघर्षरत बालकों से बरामद किया गया। उक्त विधि से संघर्षरत बालकों का कृत्य पर थाना कांकेर में धारा 179,180 बीएनएस अपराध दर्ज किया गया है एवं घर में घुसकर चोरी करने की नियत से होने के कृत्य पर धारा 305, 331(4) बीएनएस जोड़ा गया। इसके अलावा दोनो के खिलाफ धारा 179, 180,3(5) 305, 331(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लेकर विधि से संघर्षरत बालकों को 1 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही करने में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक दयालु राम साहू, प्रधान आरक्षक जीवधन यादव, आरक्षक राधेश्याम कुजांम, राजकुमार नेताम की अहम भूमिका रही।

### गांधी जयंती पर...

जाएगा तथा समस्याओं का निदान, शिकायत निवारण एवं सेवाओं जैसे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड वन अधिकार पत्र, भू-अभिलेख आदि से संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा और साथ ही विशेष ग्राम सभा में प्रत्येक ग्राम में तैयार किए गए विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा एवं अनुमोदन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी दिन आयोजित विशेष ग्राम सभा में मुख्यमंत्री द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान पर ग्रामों को प्रेषित की जाने वाली पाती का वाचन किया जाएगा और साथ ही आदि सहयोगी, आदि साथी एवं ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों को अपने ग्राम को विकसित करने के लिए आदि शपथ भी दिलाई जाएगी।

### जोत विर्सजन के...

लगा रहा। कन्याओं को भोज व दक्षिणा के बाद श्रद्धालुओं ने व्रत खोला। सभी देवी पंडालों में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया और अपरान्ह देवी प्रतिमा व घरों में स्थापित जवारों का विसर्जन शुरू हो गया था, यह क्रम तीन दिन तक चलेगा।

# दंतेश्वरी मंदिर में 9 कन्याओं के साथ हुई भैरव बाबा की पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नवरात्र के पावन पर्व की नवमी तिथि पर बुधवार को सिरहासार स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में नौ कन्याओं के साथ भैरव बाबा की भव्य पूजा की गई। इस अवसर पर नौ कन्याओं को मां दुर्गा का रूप मानकर आमंत्रित किया गया। श्रद्धालुओं ने इन कन्याओं के पैर धोकर उन्हें सम्मानपूर्वक आसन पर बिठाया, जैसे साक्षात नौ देवी मंदिर में विराजमान हों। पूजा के दौरान कन्याओं को दर्शन पूजन के साथ-साथ सभी श्रृंगार सामग्री जैसे चुनरी, चूड़ी, फीता, हेयर बैंड आदि प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्हें भव्य भोजन कराया गया। मंदिर के पुजारी उदय पाढ़ी ने बताया कि कन्या पूजन के समय बटुक भैरव की पूजा करना अत्यंत आवश्यक है।

भैरव नाथ का सौम्य रूप बालक के रूप में पूजित किया जाता है, जो देवी मां के शक्तिपीठों की रक्षा करते हैं। हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार भैरव नाथ के दर्शन किए बिना देवी मां के दर्शन अधूरे माने जाते हैं।इस अवसर पर छोटी कन्याओं का पूजन विशेष महत्व रखता है। श्रद्धालुओं ने अपने आस्था अनुसार कन्याओं को भेंट दी और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और पूजा का माहौल पूरे दिन भक्तिमय बना रहा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### समिति के सदस्यों को दिया स्मृति चिन्ह

**चारामा।** नगर में बीते 9 दिनों से गायत्री मंदिर परिसर में जय माँ अम्बे गरबा समिति के द्वारा आयोजित गरबा नृत्य के सफल आयोजन के लिए नगर के श्रीश्री सरकार परिवार गणेश उत्सव समिति कोरर चौक द्वारा समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेट कर आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि समिति के द्वारा हर साल गरबा आयोजन को अधिक भव्यता देते हुए आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्राम के महिला, पुरुष एवं बच्चे सभी मां की भक्ति मैं डूब कर गरबा नृत्य का आनंद ले रहे हैं] जो सराहना के हकदार हैं।

### एसटी एवं एससी युवाओं को ऋण 15 तक मिलेगा

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 53 युवक-युवतियों को आदिवासी स्व-रोजगार योजना के तहत ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आवेदकों को 15 अक्टूबर तक आवेदन करने का मौका है।

### भुरसातरहुल में 5 दिनी ग्रामीण क्रिकेट 3 से

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम भुरसातरहुल में इस वर्ष भी महात्मा गांधी जयंती पर युवा क्लब द्वारा पांच दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 3 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के सभी क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों को सादर आमंत्रित किया गया है। विजेता टीमों के लिए आकर्षक नगद पुरस्कार और ट्रॉफियां रखी गई हैं। प्रथम पुरस्कार 16001, द्वितीय पुरस्कार 8001, तृतीय पुरस्कार 4,001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 2500 दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रॉफी एवं सेमीफाइनल और फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा।

---

**नवरात्रि पर्व**

**कन्याओं की पूजा की भोजन कराया उपहार दिए**

# नवमी पर हुआ कन्या भोज व भंडारा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में आयोजित 30वां शारदीय नवरात्र महोत्सव नौ दिनों तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें रामधुनी, मानस गान, जागरण, गरबा नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण रहीं।



महानवमी के अवसर पर कार्यक्रम का समापन विशेष धार्मिक आयोजनों के साथ हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां दुर्गा के दर्शन एवं पूजन-अर्चन के लिए उमड़ पड़ी। नवरात्रि के पावन पर्व पर परंपरानुसार नौ कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज आयोजित किया गया। कन्या पूजन के उपरांत दोपहर से विशाल भंडारे की शुरुआत हुई, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मां दुर्गा उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से जुटे रहे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दीपक जैन ने कहा कि यह उत्सव मात्र धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। नौ दिनों तक ग्रामवासी एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाते हैं, जिससे गांव में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम के संचालन और आयोजन में नरेंद्र जैन, रंजना दुग्गा, मुन्ना सिंन्हा, सोमल जैन, गैदलाल लावत्रे, महत्तम दुग्गा, जोहन जैन, भोकलू, श्यामप्रसाद दुबे, सौहाद्रा, नीरज, तुषार, पीयूष, अनुज सहित समिति के अन्य सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। भंडारा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। नवरात्र के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों ने न केवल धार्मिक श्रद्धा को प्रकट किया बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत किया। प्रतिदिन के आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी देखने को मिली। गरबा नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव में नई ऊर्जा का संचार किया। दुर्गा उत्सव के बाद दशमी के दिन प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा आज 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे निकाली जाएगी, जिसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है।

## बंजारी माता मंदिर में नवमी पर हुआ भंडारा

**दुर्गुकोंदल।** विगत नौ दिनों से बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में शारदीय नवरात्रि की धूम मची हुई है। हज़ारों की तादाद में श्रद्धालु प्रति दिन माता रानी के दर्शन प्राप्त करने आ रहे हैं। गोयल ग्रुप द्वारा पूरी नवरात्रि माता को भोग प्रसाद चढ़ाया गया और नवमी के दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। गोयल ग्रुप द्वारा पिछले 10 वर्षों से लगातार प्रत्येक नवरात्रि में नवमी के दिन विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मातारानी के भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। गोयल ग्रुप के सहायक महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता ने बताया कि जब से हमारा संस्थान यहाँ कार्यरत है तब से लगातार हर नवरात्रि में हम माता की सेवा करते आ रहे हैं और मातारानी की कृपा से यह सेवा कार्य सतत ऐसे ही चलता रहेगा। माइंस प्रबंधन द्वारा भण्डारे के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए बंजारी माता मंदिर समिति का भी आभार व्यक्त किया।



## नवमी पर महेंद्रपुर में नौ कन्या भोज का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर ग्राम महेंद्रपुर में व्रतधारियों ने अपने घरों में नौ कन्या भोज का आयोजन किया। इस मौके पर परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ कन्याओं का पूजन किया गया। व्रतधारियों ने कन्याओं के पैर धोकर उन्हें आलता लगाया, तिलक वंदन किया और विशेष आदर के साथ भोजन करवाया। इसके बाद कन्याओं को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को मां दुर्गा के प्रति भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन से न केवल महानवमी का धार्मिक महत्व बढ़ता है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक परंपरा को भी सहेजने का एक माध्यम है।



---

# पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आलोर की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के ग्राम चिखली में आयोजित तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 23 टीमों ने भागीदारी की। फाइनल मुकाबले में रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए आलोर की टीम ने विजय प्राप्त की जबकि संगम की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम का समापन भूतपूर्व सरपंच संदेर सिंह उसारे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और खेल भावना का भी विकास करता है। खेलों से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव कम होता है। प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और नई रणनीतियाँ बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। यही गुण जीवन में सफलता के लिए आवश्यक कई सामाजिक और व्यक्तिगत कौशल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण अंचल के युवाओं में प्रतिभा को निखारने और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम है। इससे न केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है बल्कि ग्रामवासियों में आपसी एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में ग्राम चिखली के समस्त ग्रामवासी एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को सामने लाया, बल्कि ग्रामवासियों के बीच खेल और सांस्कृतिक जुड़ाव का माहौल भी निर्मित किया। कार्यक्रम में मैनुराम गावड़े, रामप्रसाद तेता, चैनुराम गावड़े, मानुराम कोवाची, कड़ियामी ध्रुव, दुर्जन दर्रो, राजेश गोटा, बिसरू तेता, मंगलराम गावड़े, बृजलाल मंडावी, विष्णु कोवाची, सुनील तेता, तिजलाल यादव, मंतु ध्रुव, नवीन टेकाम सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## पेंशनर संघ ने अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। पेंशनरों को लंबित डीआर नहीं देने के कारण पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस का बहिष्कार कर विरोध जताया और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। जिला पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आज पर्यतं तक लंबित दो प्रतिशत डीआर प्रदान नहीं किया गया है, इसके साथ ही निरंतर ध्यानाकर्षण के पश्चात भी राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49/6 को विलोपित नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के बाद भी अस्सी वर्ष से अधिक वरिष्ठ पेंशनरों को यात्रा राहत अभी भी नहीं दिया जा रहा है, इस वजह से पेंशनर प्रभावित हो रहे है। कांकेर जिले के पेंशनरों ने 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के आयोजनों का विरोध दर्ज करते हुए अपनी असहमति प्रकट किया और जिला स्तरीय शासकीय आयोजन का बहिष्कार भी किया। पेंशनर के पदाधिकारियों ने अपनी माँगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम अरूण वर्मा को सौंपा। इस अवसर पर ओमप्रकाश भट्ट, शिव सिंह भदौरिया, हेमन्त टांकसाले, दीपक झा, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, सुरेन्द्र ठाकुर, किशोर सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह ठाकुर, राधिका प्रसाद सुरोजिया, प्रदीप कदम, नरेन्द्र बिछिया, केपी जैन, सतेन्द्र सिंह बघेल, गेन्दसिंह नेताम, नरेन्द्र वर्मा के अलावा जिला पेंशनर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुसुरपुट्टा के टॉपर छात्र प्लेन से करेंगे धार्मिक व शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

- शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल

शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरक मिसाल कायम करते हुए ग्राम मुसुरपुट्टा में इस वर्ष भी टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को हवाई यात्रा से देश के प्रमुख धार्मिक और शैक्षणिक स्थलों के भ्रमण का अवसर दिया गया। यह पहल वर्ष 2008 से ग्राम के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लगातार की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर नहरपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के लिए एक नया अनुभव है, बल्कि यह पूरे गांव में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं में तोषण कुमार साहू पिता दिनेश साहू ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं कक्षा 12 वीं में तरुण कुमार साहू पिता बसदेव साहू ने 88 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप किया है। इन मेधावी छात्रों को ओडिशा स्थित श्रीजगन्नाथ पुरी तथा आसपास के प्रमुख स्थलों का हवाई यात्रा के माध्यम से भ्रमण के लिए रवाना किया गया। छात्रों को भ्रमण के लिए रवाना करने के दौरान ग्राम सरपंच दिलीप अरकरा, जनपद सदस्य संगीता शोरी, उप सरपंच जयंती यादव, देवकरण भास्कर, मुनीराम साहू, अशोक साहू, भारत अरकरा, धन्नू भारती, दीनानाथ नेताम, राधेलाल साहू, राजेश कलिहारी, अरविंद भारती, सदा राम नेताम एवं सोहन साहू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### शिक्षा को उड़ान देने वाली पहल

ग्राम मुसुरपुट्टा की यह सामाजिक और शैक्षणिक पहल अन्य ग्रामों के लिए भी एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रही है, जहाँ सामुदायिक सहयोग से शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस तरह के प्रयास यह सिद्ध करते हैं कि यदि समर्पण और संकल्प हो, तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी अंतरिक्ष तक पहुँच सकती हैं।

---

# दंतेश्वरी मांई का हुआ भव्य स्वागत, महाराजा ने की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर दशहरा की सबसे महत्वपूर्ण रस्म मावली परघाव विधान में बुधवार को दंतेवाड़ा से आई दंतेश्वरी मांई के छत्र व डोली का भव्य स्वागत महाराजा कमलचन्द भंजदेव द्वारा पैलेस रोड स्थित कुटरू बाड़ा के सामने किया गया। जिया डेरा से दंतेश्वरी मंदिर तक के लगभग दो किमी मार्ग के दोनों ओर बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे जो किसी भी तरह मांई की एक झलक पाने के लिए घटों पहले से इंतजार कर रहे थे। जिया डेरा से दंतेश्वरी मंदिर तक सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था करते हुए सैकड़ों जवानों की तैनाती की गई थी। गौरतलब है कि रियासतकालिन परम्परा के अनुसार पंचमी के दिन बस्तर महाराजा द्वारा दंतेवाड़ा जाकर मांई को दशहरा में आने के लिए आमंत्रित करते हुए विनय पत्रिका दिया गया था। दन्तेवाड़ा से मांई आमंत्रण पाकर



दशहरा में शामिल होने जगदलपुर डोली पर सवार होकर एक दिन पूर्व मंगलवार रात को पहुंच चुकी थी। इसके उपरांत बुधवार लगभग एक घंटे विलंब से मांई की डोली व छत्र जिया डेरा से बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ निकली। इस दौरान कुटरूबाड़ा के सामने महाराजा कमलचंद भंजदेव के अलावा कुवंर परिवार, राजगुरू, राजपुरोहित व दशहरा समिति के अध्यक्ष व सांसद दीपक महेश कश्यप, माझी, चालकी व दशहरा समिति के सचिव व तहसीलदार राहुल गुप्ता ने उनकी अगुवानी की। पैलेस रोड स्थित कुटरू बाड़ा के समीप भव्य स्वागत के बाद सभी बाजे-गाजे के साथ एक जुलुस की शक्ल में दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे।

# रेत खदान नवीनीकरण पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

**चारामा।** भिरोद ग्राम में महानदी घाट से रेत खदान के नवीनीकरण पर रोक लगाकर खदान को निरस्त करने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया की खसरा नंबर 111 रकबा 9 हैक्टेयर पर ग्राम पंचायत भिरोद विकासखंड चारामा में रेत खदान स्वीकृत था, जिसकी अवधि 04 सितबंर 2023 से 03 सितबंर 2025 तक छत्तीसगढ़ गौड़ खनिज शासन के माध्यम से निविदा सुमन बंजारे के नाम से संचालित था, जिसकी अवधि समाप्त हो गया है। ग्रामवासी एवं पंचायत की जानकारी के बिना निविदा का पुनः नवीनीकरण की प्रकिया किया जा रहा है। नवीनीकरण रेत खदान को निरस्त किया जाए। ज्ञापन सोंपने के दौरान ग्राम सरपंच सहित ग्रामीण नन्द कुमार नागराज, त्रिलोचन जैन, दिनेश साहू, अवध रम साहू,प्रमोद साहू, पुनाराम, सदानंद सिन्हा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# दुर्गूकोंदल में एक पेड़ माँ के नाम पर रोपे पौधे व चलाया स्वच्छता अभियान

**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल के शक्ति केंद्र कोदापाखा अंतर्गत बूथ केंद्र पाउरखेड़ा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर संदेश दिया कि पेड़ हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। स्वच्छता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने बूथ क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। इस आयोजन से न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश गया बल्कि बूथ स्तर पर संगठन की एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय भी मिला। महिला मंडल की ओर से सरिता टांडिया, आक्तिमा कुलदीप, रजुला टांडिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, शक्ति केंद्र प्रभारी अशोक जैन, सह प्रभारी नंद कुमार खरे, मंडल मंत्री सुमित्रा दुग्गा तथा सरपंच तुलसी मातलाम, हरिप्रसाद टांडिया, चम्मलाल टांडिया, तुला राम कुलदीप, अगनू यादव, कलेश टांडिया, संतलाल उसेंडी, संजय टांडिया, सोमनाथ कुमेटी, राजा राम पुड़ो, दिनेश टांडिया, जगनाथ मंडावी, नीलाप बघेल, दिलीप उसेंडी, जगत ध्रुव, मनेश ध्रुव, चमन ध्रुव, लखन कल्लो, मनोज कुमार दुग्गा, मुकेश कोमरा, रामेश्वर ध्रुव, अरविंद ध्रुव, जयलाल ध्रुव, हेमराज नाग, विष्णुप्रसाद पटेल, महेश यादव, जेकेश ध्रुव, रमेश कुलदीप, परस राम नाग एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए समिति गठित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 पॉश एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी कार्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा फर्मों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि ऐसे सभी संस्थान, कार्यालय जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पॉश एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक नियोक्ता की जिम्मेदारी है कि समिति गठन का




आदेश जारी कर उसकी प्रति एवं निर्धारित प्रारूप में अद्यतन जानकारी एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर कांकेर को हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी के साथ ई-मेल प्रेषित करें। न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 12 अगस्त 2025 को पारित आदेश के अनुसार गठित सभी आंतरिक शिकायत समितियों का महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार के शी बॉक्स पोर्टल पर 10 अक्टूबर 2025 तक ऑनबोर्डिंग किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित संस्थानों को पोर्टल विकल्प में जाकर पंजीयन करना होगा। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक आंतरिक शिकायत समिति का गठन एवं उसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज न करने वाली संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पॉश एक्ट 2013 की धारा-26 के तहत 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने सभी संस्थानों, कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उक्त कार्यवाही तत्काल पूर्ण कर जिला कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411